लक्जरी-प्रीमियम नहीं ऐसे होंगे जेन-Z के घर, देश के 3 शहरों में उभर रहा नया ट्रेंड, तस्वीरों में देखें ग्रीन होम्स

Author: Priya Gautam | Agency: News18Hindi

Last Updated: January 27, 2026, 14:30 IST

Green homes in India: भारत के रियल एस्टेट बाजार में बड़ा बदलाव दिखाई देने जा रहा है. लग्जरी, प्रीमियम घर अब बीते दिनों की बात हो जाएगी. अब जेन की पहली पसंद बन चुके ग्रीन होम्स का जमाना आ गया है. ये घर सिर्फ रहने के लिए बेहतर माहौल ही नहीं देते बल्कि जलवायु और वातावरण को संतुलित रखने में भी सहयोग देते हैं. भारत में जेन-Z और मिलेनियल्स की मांग पर बेंगलुरू, पुणे, सूरत जैसे बड़े शहरों में ग्रीन होम्स तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं, जो ऊर्जा और पानी बचत में अग्रणी हैं. आइए जानते हैं इनके बारे में...

आरटीसीपीएल के सीआओ प्रभाकर कुमार कहते हैं कि इंडस्ट्री में लंबे समय से यह धारणा रही है कि ग्रीन फीचर्स परियोजनाओं की लागत बढ़ाते हैं लेकिन व्यवहारिक आंकड़े इसके विपरीत तस्वीर पेश कर रहे हैं. ऊर्जा-कुशल सिस्टम और जल प्रबंधन के लिए किया गया शुरुआती निवेश 5–7 वर्षों में लागत की भरपाई कर देता है. इसके बाद उपयोगकर्ताओं को शुद्ध बचत मिलती है. यही वजह है कि सस्टेनेबल और नेट-जीरो प्रोजेक्ट्स को बाजार में बेहतर रिस्पॉन्स और प्रीमियम वैल्यू मिल रही है.

7/8